Roll No. …………………..

# DPHCN–05

## Community Nutrition

(सामुदायिक पोषण)

Diploma in Public Health and Community Nutrition (DPHCN–10/16)

Second Semester, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 35**

नोट : यह प्रश्न पत्र पैंतीस (35) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए साढ़े सात ($7\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. रक्त अल्पता या एनीमिया क्या है ? इसके कारण, लक्षण व विकारों के बारे में लिखिए।
2. पोषण ज्ञान सम्बन्धी क्रियाओं की योजना बनाने और उनको कार्यान्वित करने के मुख्य चरणों की विस्तृत जानकारी दीजिए।

3. क्लीनिकल लक्षणों पर आधरित पोषण मूल्यांकन का संक्षेप में वर्णन कीजिए।
4. पोषण के अप्रत्यक्ष मूल्यांकन हेतु प्रयुक्त संकेतकों का वर्गीकरण समझाइए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए ढाई ($2\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल छः (06) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. पोषण ज्ञान प्रदान करने के लिए प्रयुक्त व्यक्तिगत बैठक/सभा विधि पर चर्चा कीजिए।
2. मोटापे का निर्धारण किस प्रकार किया जाता है ? टिप्पणी कीजिए।
3. अन्त्योदय अन्न योजना पर संक्षेप में लिखिए।
4. भारत में विटामिन 'ए' अभाव जनित समस्या की रोकथाम पर टिप्पणी कीजिए।
5. मौखिक प्रश्नावली द्वारा खाद्य सर्वेक्षण का उल्लेख कीजिए।
6. रुग्णता दर संकेतकों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।
7. प्रमुख खाद्य पदार्थों की दोहरी सेम्पल विधि द्वारा खाद्य सर्वेक्षण किस प्रकार किया जाता है ? उल्लेख कीजिए।
8. कारण विशिष्ट मृत्यु-दर की उपयोगिता बताइए।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा ($\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. रतौंधी अथवा रात्रि अंधता निम्न की कमी से होती है :
   (अ) विटामिन सी
   (ब) विटामिन ए
   (स) विटामिन डी
   (द) कैल्सियम

2. रक्त या मूत्र में विभिन्न पोषक तत्वों का स्तर ज्ञात करने के लिए निम्न विधि का प्रयोग किया जाता है :
   (अ) खाद्य सर्वेक्षण
   (ब) शरीर रचनात्मक मूल्यांकन
   (स) जैवरासायन विधि
   (द) क्लीनिकल लक्षण आधारित मूल्यांकन

3. विशिष्ट रोगों के लिए मृत्युदर की गणना निम्न संकेतक द्वारा की जाती है :
   (अ) पोषण स्तर संकेतक
   (ब) अक्षमता दरें
   (स) रुग्णता दर संकेतक
   (द) रोग विशिष्ट मृत्यु-दर

4. गलगण्ड/गोयटर रोग निम्न की कमी से होता है :

   (अ) आयोडीन

   (ब) वसा

   (स) विटामिन बी

   (द) विटामिन सी

5. यह विकार बाहुल्य पोषण का परिणाम है :

   (अ) प्रोटीन-ऊर्जा कुपोषण

   (ब) रक्ताल्पता

   (स) मोटापा

   (द) दृष्टिहीनता

सत्य/असत्य लिखिये :

6. पोषण ज्ञान की दूरस्थ विधि द्वारा एक ही समय पर विभिन्न स्थानों पर अनेक व्यक्तियों से सम्पर्क किया जा सकता है।
7. आयोडीन मुख्यतः दूध में पाया जाता है।
8. खाद्य सर्वेक्षण गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों प्रकार के होते हैं।
9. शरीर रचनात्मक मूल्यांकन/बायोफिजिकल मूल्यांकन के लिए विभिन्न शारीरिक नाप उपयोग में लाये जाते हैं।
10. प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल का लक्ष्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को जनता को सस्ते तरीके से सुलभ कराना है।